# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23.02.25 | 4 | 1-2 |

# एचएयू के छात्र का ड्यूल डिग्री के लिए चयन

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू) में ड्यूल डिग्री के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने उपलब्धि पर छात्र यशराज को बधाई दी।



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ छात्र यशराज एवं अन्य अधिकारी • पीआरओ

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया के शीर्ष विश्वविद्यालय में चयन होना गौरव की बात है। यह विश्वविद्यालय में अपनाएं जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर में प्रयासरत है। एचएयू शिक्षा, शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है। यहां के विद्यार्थी विदेश में पढ़ाई के लिए ही नहीं जाते बल्कि विदेशी छात्र भी यहां पढ़ाई के लिए आते हैं। विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवीनतम तकनीकों में प्रशिक्षित करने के लिए हकृवि ने विश्व प्रसिद्ध अनेक विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के साथ अनुबंध किए हैं। कुलपति ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए किए गए समझौते के तहत विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसी संदर्भ में छात्र यशराज एचएयू के कालेज आफ एग्रीकल्चर कौल में बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र है। यशराज एक वर्ष वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में अध्ययन करेगा। उपरोक्त दोनों विश्वविद्यालयों द्वारा छात्र को ड्यूल डिग्री प्रदान की जाएगी। वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में साउथ एशिया की क्षेत्रीय निदेशक नम्रता यशराज का मार्गदर्शन करेंगी। छात्र यशराज पुण्डरी (कैथल) के रहने वाले हैं। उनके पिता का नाम कृष्ण कुमार व माता का नाम नीलम रानी है। यशराज के पिता पोल्ट्री फार्म का कार्य करते हैं। वहीं माता नीलम रानी ग्रहणी हैं। यशराज और हिमांशु दो भाई हैं। छात्र यशराज ने इस उपलब्धि का श्रेय कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसके पाहुजा, एग्रीकल्चर कालेज, कौल के प्राचार्य डा. ओपी चौधरी, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डा. केडी शर्मा व डा. आशा क्वात्रा को दिया है। इस अवसर पर ओएसडी डा. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डा. पवन कुमार व एसवीसी कपिल अरोड़ा उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23.02.25 | 4 | 1-2 |

## एचएयू के छात्र यशराज का ऑस्ट्रेलिया में ड्यूल डिग्री के लिए चयन



कुलपति प्रो. बीआर कांबोज के साथ छात्र यशराज एवं अन्य अधिकारी। स्रोत : संस्थान

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र यशराज का ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू)में ड्यूल डिग्री के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने इस उपलब्धि के लिए छात्र यशराज को बधाई दी।

छात्र यशराज एचएयू के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर कौल में बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र है। यशराज एक वर्ष वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू) में अध्ययन करेगा। उपरोक्त दोनों विश्वविद्यालयों द्वारा छात्र को ड्यूल डिग्री प्रदान की जाएगी। वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में साऊथ एशिया की क्षेत्रीय निदेशक नम्रता यशराज का मार्गदर्शन करेंगी।

यशराज (कैथल) के रहने वाले हैं। यशराज के पिता पोल्ट्री फार्म का कार्य करते हैं। माता नीलम रानी गृहिणी हैं। यशराज ने इस उपलब्धि का श्रेय कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस के पाहुजा, एग्रीकल्चर कॉलेज, कौल के प्राचार्य डॉ. ओपी चौधरी, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा व डॉ. आशा क्वात्रा को दिया है। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 23-02-25 | 14 | 6-8 |

# यशराज का आस्ट्रेलिया में ड्यूल डिग्री में चयन

■ कैथल जिले के पूंडरी का रहने वाला है छात्र यशराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू) में ड्यूल डिग्री के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बीआर काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए छात्र यशराज को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

वीसी प्रो. काम्बोज ने शनिवार को कहा कि छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया के शीर्ष विवि में चयन होना गौरव की बात है। यह विवि में अपनाएं जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। विवि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर में प्रयासरत है। शिक्षा, शोध एवं अनुसंधान में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

छात्र यशराज एचएयू के कालेज ऑफ एग्रीकल्चर कौल में बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र है। एक वर्ष वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू) में अध्ययन करेगा। दोनों विश्वविद्यालयों द्वारा छात्र को ड्यूल डिग्री प्रदान की जाएगी। वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में साऊथ एशिया की क्षेत्रीय निदेशक नम्रता यशराज का मार्गदर्शन करेंगी।

छात्र यशराज कैथल के पूंडरी का रहने वाला है। उनके पिता का नाम कृष्ण कुमार व माता का नाम नीलम रानी है। यशराज के पिता पोल्ट्री फार्म का कार्य करते हैं। वहीं माता नीलम रानी ग्रहणी हैं। यशराज और हिमांशु दो भाई हैं। अपनी उपलब्धि का श्रेय अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा, एग्रीकल्चर कॉलेज, कौल के प्राचार्य डॉ. ओपी चौधरी, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा व डॉ. आशा क्वात्रा को दिया है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, व एसवीसी कपिल अरोड़ा उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 23.02.25 | 4 | 3-4 |


# हकृवि छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया में ड्यूल डिग्री के लिए चयन



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्र यशराज एवं अन्य अधिकारी

हिसार, 22 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू) में ड्यूल डिग्री के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए छात्र यशराज को बधाई देते हुए कहा कि छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया के शीर्ष विश्वविद्यालय में चयन होना गौरव की बात है। यह विश्वविद्यालय में अपनाएं जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर में प्रयासरत है। एचएयू शिक्षा, शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

छात्र यशराज हकृवि के कालेज ऑफ एग्रीकल्चर कौल में बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र है। यशराज एक वर्ष वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में अध्ययन करेगा। उपरोक्त दोनों विश्वविद्यालयों द्वारा छात्र को ड्यूल डिग्री प्रदान की जाएगी। वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में साऊथ एशिया की क्षेत्रीय निदेशक नम्रता यशराज का मार्गदर्शन करेंगी।

छात्र यशराज पुंडरी (कैथल) के रहने वाले हैं। यशराज के पिता कृष्ण कुमार पोल्ट्री फार्म का कार्य करते हैं। वहीं माता नीलम रानी ग्रहणी हैं। यशराज और हिमांशु दो भाई हैं। छात्र यशराज ने इस उपलब्धि का श्रेय कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस के पाहुजा, एगीकल्चर कॉलेज, कौल के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. चौधरी, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा व डॉ. आशा क्वात्रा को दिया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23.02.25 | 6 | 6 |

## यशराज का ड्यूल डिग्री के लिए चयन

भास्कर न्यूज़ | हिसार

हकृवि के छात्र यशराज का ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी डब्ल्यूएसयू में ड्यूल डिग्री के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए छात्र यशराज को बधाई दी। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया के शी र्ष विश्वविद्यालय में चयन होना की बात है। इसी संदर्भ में छात्र यशराज एचएयू के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर कौल में बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र है।

छात्र यशराज पुण्डरी कैथल के रहने वाले है। छात्र यशराज ने इस उपलब्धि का श्रेय कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस के पाहुजा, एग्रीकल्चर कॉलेज, कौल के प्राचार्य डॉ. ओपी चौधरी, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा व डॉ. आशा क्वात्रा को दिया है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. पवन कुमार व एसवीसी कपिल अरोड़ा उपस्थित रहे।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23.02.25 | 5 | 6-8 |

# एचएयू के छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया में ड्यूल डिग्री के लिए चयन



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्र यशराज व अन्य अधिकारी।

हिसार, 22 फरवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू)में ड्यूल डिग्री के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए छात्र यशराज को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया के शीर्ष विश्वविद्यालय में चयन होना गौरव की बात है। यह विश्वविद्यालय में अपनाएं जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर में प्रयासरत है। एचएयू शिक्षा, शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

यहां के विद्यार्थी विदेश में पढ़ाई के लिए ही नहीं जाते बल्कि विदेशी छात्र भी यहां पढ़ाई के लिए आते हैं। विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवीनतम तकनीकों में प्रशिक्षित करने के लिए हकृवि ने विश्व प्रसिद्ध अनेक विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के साथ अनुबंध किए हैं। कुलपति ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए किए गए समझौते के तहत विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसी संदर्भ में छात्र यशराज एचएयू के कालेज ऑफ एग्रीकल्चर कौल में बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र है। यशराज एक वर्ष वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू) में अध्ययन करेगा। उपरोक्त दोनों विश्वविद्यालयों द्वारा छात्र को ड्यूल डिग्री प्रदान की जाएगी। वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में साऊथ एशिया की क्षेत्रीय निदेशक नम्रता यशराज का मार्गदर्शन करेंगी। छात्र यशराज पुण्डरी (कैथल) के रहने वाले हैं। उनके पिता का नाम कृष्ण कुमार व माता का नाम नीलम रानी है। यशराज के पिता पोल्ट्री फार्म का कार्य करते हैं। वहीं माता नीलम रानी ग्रहणी हैं। यशराज और हिमांशु दो भाई हैं। छात्र यशराज ने इस उपलब्धि का श्रेय कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस के पाहुजा, एग्रीकल्चर कॉलेज, कौल के प्राचार्य डॉ. ओपी चौधरी, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा व डॉ. आशा क्वात्रा को दिया है। यशराज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंच उपलब्ध करवाने पर विश्वविद्यालय का भी धन्यवाद किया है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, व एसंवीसी कपिल अरोड़ा उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 22.02.2025 | -- | -- |

# एचएयू के छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया में ड्यूल डिग्री के लिए हुआ चयन



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू)में ड्यूल डिग्री के लिए चयन हुआ है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया के शीर्ष विश्वविद्यालय में चयन होना गौरव की बात है। यह विश्वविद्यालय में अपनाएं जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर में प्रयासरत है। एचएयू शिक्षा, शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है। यहां के विद्यार्थी विदेश में पढ़ाई के लिए ही नहीं जाते बल्कि विदेशी छात्र भी यहां पढ़ाई के लिए आते हैं। विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवीनतम तकनीकों में प्रशिक्षित करने के लिए हकृवि ने विश्व प्रसिद्ध अनेक विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के साथ अनुबंध किए हैं। कुलपति ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए किए गए समझौते के तहत विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 22.02.2025 | -- | -- |

# एचएयू के छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया में ड्यूल डिग्री के लिए चयन

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्र यशराज एवं अन्य अधिकारी।

हिसार 22 फरवरी : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू)में ड्यूल डिग्री के लिए चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बी.आर. काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए छात्र यशराज को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि छात्र यशराज का आस्ट्रेलिया के शीर्ष विश्वविद्यालय में चयन होना गौरव की बात है। यह विश्वविद्यालय में अपनाएं जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर में प्रयासरत है। एचएयू शिक्षा, शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है। यहां के विद्यार्थी विदेश में पढ़ाई के लिए ही नहीं जाते बल्कि विदेशी छात्र भी यहां पढ़ाई के लिए आते हैं। विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवीनतम तकनीकों में प्रशिक्षित करने के लिए हकृवि ने विश्व प्रसिद्ध अनेक विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के साथ अनुबंध किए हैं। कुलपति ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए किए गए समझौते के तहत विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसी संदर्भ में छात्र यशराज एचएयू के कालेज ऑफ एग्रीकल्चर कौल में बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र है। यशराज एक वर्ष वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू) में अध्ययन करेगा।

छात्र यशराज ने इस उपलब्धि का श्रेय कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस के पाहुजा, एग्रीकल्चर कॉलेज, कौल के प्राचार्य डॉ. ओपी चौधरी, स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. के.डी. शर्मा व डॉ. आशा क्वात्रा को दिया है। यशराज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंच उपलब्ध करवाने पर विश्वविद्यालय का भी धन्यवाद किया है। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, व एसवीसी कपिल अरोड़ा उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 24-02-25 | 2 | 8 |


# खेत में गहरी जुताई से मिट्टी में पड़ी सुंडियां होंगी नष्ट

हिसार। अगर कपास की फसल के बाद खेत खाली रह गया है तो फरवरी के अंत में हल से गहरी जुताई कर दें। इससे मिट्टी में पड़ी सुंडियों को पक्षी खा जाएंगे।

सलाह

अगली फसल में गुलाबी व चितकबरी सुंडियों और मिलीबग का आक्रमण कम हो, इसके लिए जरूरी है कि बंछटियों के साथ लगे टिंडों को झाड़कर नष्ट कर दें और ऐसी बंछटियों को जलाने के लिए प्रयोग करें। यदि बंछटियां खेत में खड़ी हों तो उनकी गहरी कटाई करें। ध्यान रहे कि मोढ़ी की फसल कभी न लें। यह जानकारी हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने दी। संवाद

- **गन्ना की बिजाई से पहले मिट्टी की जांच अवश्य करवाएं:** प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि गन्ने की बिजाई वाले खेतों की मिट्टी का नमूना लेकर तुरंत जांच करवाएं। प्रथम पखवाड़े में ही 15-20 गाड़ी गोबर की खाद खेत में बिखेरकर भूमि की ऊपरी सतह में जोतकर मिला दें। यदि खाद कम गला-सड़ा हो तो प्रति एकड़ खाद के साथ 20-25 किलोग्राम यूरिया भी बिखेरकर मिला दें। खेत में गलन-सड़न प्रक्रिया को ठीक तरह से चलाने को पर्याप्त नमी होनी आवश्यक है। यदि खेत सूखा हो तो हल्का पानी लगा दें।
- गन्ना बीजते समय रासायनिक खादों का प्रयोग मिट्टी की जांच रिपोर्ट के अनुसार करें। यदि जांच करना संभव न हो तो बिजाई के समय प्रति एकड़ 20 किलोग्राम शुद्ध नाइट्रोजन (44 किलोग्राम यूरिया), 20 किलोग्राम शुद्ध फास्फोरस (125 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट या 44 किलोग्राम टीएसपी या डीएपी) पोरियों के नीचे डालें। यदि जमीन में पोटाश तथा जस्ता भी कम हो तो 20 किलोग्राम शुद्ध पोटाश (32 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश) और 10 किलोग्राम जिंक सल्फेट (21 प्रतिशत) भी बिजाई के समय अन्य उर्वरकों के साथ डाल दें। लवणीय तथा क्षारीय जमीन में जिंक सल्फेट अवश्य डालें। मोढ़ी फसल में यदि अच्छी फूट आ गई हो तो फरवरी में पहली जुताई-गुड़ाई के समय 30 किलोग्राम शुद्ध नाइट्रोजन (66 किलोग्राम यूरिया) प्रति एकड़ डालें। यदि जमीन में प्राप्य फास्फोरस कम है और बीजी फसल में फास्फोरस की कमी दिखाई दे तो नाइट्रोजन उर्वरक के साथ 20 किलोग्राम शुद्ध फास्फोरस (125 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट या 44 किलोग्राम डीएपी या टीएसपी) भी अवश्य डालें।

## दीमक की रोकथाम के लिए करें ये उपाय

गन्ने की बिजाई के समय दीमक तथा कनसुआ की रोकथाम के लिए प्रति एकड़ 600 मिली फिप्रोनिल (रीजेन्ट) 5 एससी को 600 से 1000 लीटर पानी में घोल बनाकर फव्वारे द्वारा खूडों में पोरियों के ऊपर डालें और खूडों को उपचार के बाद तुरंत सुहागा लगाकर बंद कर दें। इसके अलावा 150 मिली इमिडाक्लोप्रिड (कान्फिडोर 200 एसएल या इमिडागोल्ड 200 एसएल) को 250-300 लीटर पानी में मिलाकर नैपसैक पंप से खूड्डों में पोरियों पर छिड़काव भी किया जा सकता है। स्केल कीट (शल्क) लगी फसल को काट लें व खेत में बची पत्तियां आदि तुरंत जला दें।